Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding issues relating to UP Jal Vidyut Nigam Ltd., Shrawasti Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । आपने मुझे अति लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ ।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को प्रेषित ऊर्जा बीजकों से करोड़ों रुपये का बकाया प्राप्त करना है । परन्तु वस्तुस्थिति यह है कि पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा जल विद्युत निगम लिमिटेड को उक्त बीजकों से प्राप्त होने वाली धनराशि से कार्मिकों के वेतन हेतु भी पैसा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है । इसकी वजह से उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड के कार्मिकों को समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है । इससे जल विद्युत कर्मियों में निराशा की स्थिति व्याप्त है । फायदे का निगम होने के बावजूद विगत कुछ वर्षों से उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड को घाटे का निगम दिखाकर उसे उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में विलय करने की कवायद की जा रही है, ताकि उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड के अस्तित्व को समाप्त किया जा सके ।

उपरोक्त कार्यवाही को तत्काल रोके जाने की आवश्यकता है ताकि देश हित में एक लाभ के निगम को घाटे के निगम में मिलाकर उसके अस्तित्व को समाप्त करने की कवायद पर विराम लग सके ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा को श्री राम शिरोमणि द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री टी. एन. प्रथापन ।

माननीय सदस्य, आपका सूची में नाम था, लेकिन मैं आपसे आग्रह कर रहा हूँ कि जब आपका सूची में नाम रहे तो आप यहाँ उपस्थित रहें । ऐसा होने से अच्छा लगेगा । सदन सभी का है । सदन आपका है ।